प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपए की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास

चर्चा में क्यों?

4 जुलाई, 2023 को केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने राजस्थान के प्रतापगढ़ में 5600 करोड़ रुपए की लागत वाली 11 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया।

प्रमुख बिंदु

- नितिन गडकरी ने राजस्थान में कुल 219 किमी. लंबाई और 3,775 करोड़ रुपए की लागत वाली चार राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाओं का उद्घाटन किया।
- राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर किशनगढ़ से गुलाबपुरा खंड तक इस 6-लेन की परियोजना से अजमेर और भीलवाड़ा ज़िलों के आर्थिक और सामाजिक विकास को गति मिलेगी।
- गुलाबपुरा से चित्तौड़गढ़ खंड को 6-लेन का बनाने से भीलवाड़ा और चित्तौड़गढ़ ज़िलों के उदयपुर, जयपुर और कोटा क्षेत्र का परस्पर संपर्क मज़बूत होगा।
- फतहनगर में राष्ट्रीय राजमार्ग 162ए पर 4-लेन आरओबी के निर्माण से रेलवे क्रॉसिंग पर ट्रैफिक जाम की समस्या से निजात मिलेगी।
- नितिन गडकरी ने सीआरआईएफ के तहत मंडरायल में चंबल नदी पर ऊँचाई वाले पुल (या हाई लेवल ब्रिज) के निर्माण का शुभारंभ किया। इस पुल के निर्माण से राजस्थान के मंडरायल, करौली और मध्य प्रदेश के सबलगढ़ के बीच कनेक्टिविटी बनी रहेगी।
- केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने 1850 करोड़ रुपए लागत वाली और कुल 221 किमी. लंबी 7 परियोजनाओं का शिलान्यास भी किया।
- ये परियोजनाएँ प्रसिद्ध धार्मिक स्थल नाथद्वारा से उदयपुर हवाई अड्डे तक सीधा संपर्क उपलब्ध कराएंगी।
- प्रतापगढ़ बाईपास के निर्माण से शहर के अंदर यातायात का बोझ कम होगा।
- रास से ब्यावर तक सड़क बनने से भीलवाड़ा की ओर जाने वाले वाहनों को सुविधा होगी।
- डूंगरपुर, उदयपुर और बाँसवाड़ा क्षेत्र के जनजातीय इलाकों को बेहतर संपर्क उपलब्ध होगा।
- सांगवाड़ा और गढ़ी में बाइपास बनने से डूंगरपुर-बाँसवाड़ा की दूरी 10 किमी. कम हो जाएगी।
- ब्यावर-गोमती मार्ग पर टॉडगढ़ वन्यजीव अभयारण्य में वन्यजीवों की सुरक्षा के लिये 13 एनिमल अंडरपास बनाए जाएंगे।
- इस कार्यक्रम के दौरान राजस्थान में सीआरएफ के तहत 2250 करोड़ रुपए की लागत से 74 परियोजनाओं को मंजूरी देने की घोषणा भी की गई। इन परियोजनाओं पर जल्द ही काम शुरू हो जाएगा।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/inauguration-and-foundation-stone-laying-of-11-nh-projects-in-pratapgarh